भाकृअनुप – कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान
रावतपुर, कानपुर - 208002, उ० प्र०
आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान
दूरभाष : 0512-2533560, 2554746 फैक्स: 0512-2533560, zpdicarkanpur@gmail.com, http://atarik.res.in

समूहबद्ध अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन-तिलहन व अन्य परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

दिनांक 07 तथा 08 फरवरी 2018 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, रावतपुर, कानपुर द्वारा दो दिवसीय **समूहबद्ध अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन-तिलहन व अन्य परियोजनओं हेतु समीक्षा बैठक,** आयोजित की गयी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के 69 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रत्येक वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष तथा केन्द्र के ही 02 अन्य वैज्ञानिकों ने भाग लिया। दिनांक 22 व 23 जनवरी को नॉस कॉम्पलेक्स, नयी दिल्ली में भाकृअनुप -टी.सी.एस. के द्वारा आयोजित बैठक में एम-कृषि, के तहत देश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए एक मोबाईल एप निर्माण करने का निर्णय लिया गया है, इस मोबाईल का मुख्य उद्देशय किसानों को कृषि से सम्बन्धित सूचनाएं प्रदान करना है। प्रथम चरण में मोबाईल एप के निर्माण हेतु देश के सभी जनपदों के प्रत्योक ग्रामों से 15 किसानों के मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर तथा स्मार्ट फोन की सूची की आवश्यकता है। दिनांक 07 फरवरी 2018, अटारी कानपुर में बैठक के प्रथम दिन जिसमें डॉ० एस० के० दुबे, प्र० वै० ने स्वागत अभिभाषण दिया तथा डॉ० यू० एस० गौतम, निदेशक ने बैठक के मुख्य उद्देशय को सभी प्रतिभागियों को बताया। इसके उपरान्त प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा जनपद के सभी ग्रामों से किसानों की जानकारी एकत्रित करने के लिए उचित व संभावित रूपरेखा तय की गयी, जिससे ऊपर बतायी गयी किसानों की सत्यापित व प्रमाणित जानकारियों को तय समयसीमा के अन्दर एकत्रित किया जा सके। इसके बाद बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्रों में संचालित अन्य परियोजनाएं जैसे समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन-तिलहन, (CFLD-PULSES/OILSEED), निकरा (NICRA), आई.एफ.एस. (IFS), आर्या (ARYA), टीएसपी (TSP) एवं सीड-हब की समीक्षा की गयी, जिसमें प्रदेश के 69 कृषि विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्षों ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगित आख्या भी, प्रस्तुत की, व अपनी समस्यओं को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान बैठक में डॉ० धूम सिंह, निदेशक प्रसार, डॉ० जितेन्द्र सिंह, प्राध्यापक, डॉ० एच० पी० सिंह, एसोसिएट निदेशक भी उपस्थित रहे। अन्त में डॉ० अतर सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद प्रस्ताव देकर बैठक का समापन किया।

दिनांक – 08.02.2018

भाकृअनुप- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान,
कानपुर, जोन – III
उत्तर प्रदेश

समीक्षा बैठक समूहबद्ध अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

Agro Climatic Zone

ATARI
कानपुर